an>

Title: Regarding conferring Bharat Ratna to Dr. Shivling Shivacharya Maharaja.

**श्री राजीव सातव (हिंगोली) :** डिप्टी स्पीकर साहब, वीर शैव तथा लिंगायत समाज के नहीं, बल्कि शिव को मानने वाले सभी भक्तों के गुरु राष्ट्रीय संत डॉ. शिवलिंग शिवाचार्य महाराज की बात मैं यहां पर सदन के सामने रखना चाहता हूं। पिछले करीब सौ सालों से वे अपना सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान दे रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण और चिकित्सा सेवा की उपलब्धता के लिए उनका काम राÂट्रीय स्तर पर जाना गया है। जिस प्रकार से व्यसन मुक्ति में उनका काम हुआ है, उन्होंने हज़ारों युवाओं को उनके जीवन में नई राह दिखाई है। इसलिए, उनके सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को देखते हुए भारत सरकार उन्हें भारत-रत्न दे, यह मैं मांग करता हूं।